# डेली संवाद

संपादक- अशोक सिंह भारत • जालंधर, 29 मई, 2020 dailysamvad.com Email:dailysamvad@gmail.com







## एक नजर

### कमिश्नर से नाराज जालंधर नगर निगम के जेई ने दिया इस्तीफा




**डेली संवाद, जालंधर :** नगर निगम जालंधर के जूनियर इंजीनियर (जेई) ओंकार नाथ ने कमिश्नर से नाराज होकर इस्तीफा दे दिया है। जेई ने यह इस्तीफा सादे कागज पर लिखकर भेज दिया है।

### 15 जून तक बढ़ सकता है लॉकडाउन

**पणजी :** लॉकडाउन 4.0 को इसके मौजूदा स्वरूप में 15 दिनों के लिए और बढ़ाया जा सकता है। मुख्यमंत्री प्रमोद सावंत ने केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह से टेलीफोन पर बातचीत के एक दिन बाद यह बात कही। पणजी में शुक्रवार को पर्यटन मंत्रालय के एक आयोजन के मौके पर सावंत ने संवाददाताओं से यह भी कहा कि गोवा सोशल डिस्टेंसिंग के मानदंडों को लागू करने के साथ रेस्तरां, होटल, मॉल और जिम को फिर से शुरू करने के लिए तैयारी करेगा।

### पड़ोसी राज्यों को डराने लगी दिल्ली,

**नई दिल्ली :** दिल्ली में कोरोना मरीजों की बढ़ती कोरोना मरीजों की संख्या पड़ोसी राज्यों के लिए खौफ की वजह बनती जा रही है।?राजधानी दिल्ली में 24 घंटे में 1024 नए केस सामने आए हैं, जो एक दिन में सबसे ज्यादा है। इसी के साथ राजधानी में कोरोना से संक्रमितों की संख्या 16 हजार 281 हो गई है। पॉजिटिव मरीजों के मामले में दिल्ली अब देश में तीसरे स्थान परहै।पड़ोसी राज्यों ने हरियाणा और उत्तर प्रदेश बॉर्डर सील कर दिएहैं।इन राज्यों को डर है कि दिल्ली उनके शहरों नोएडा, गाजियाबाद, फरीदाबाद और गुरुग्राम में कोरोना को बढ़ा देगी।

### इस किट में फूंक मारने से ही पता चल जाएगा कोरोना है या नहीं



**नई दिल्ली :** कोरोना वायरस के बढ़ते संक्रमण के बीच सबसे बड़ी चुनौती इसकी जांच को लेकर आई थी। जांच किट की कमी के साथ-साथ यह काफी महंगी भी पड़ती थी। हालांकि, वैज्ञानिकों और शोधकर्ताओं के अथक प्रयासों से किटें भी सस्ती आने लगी हैं और इसकी जांच की क्षमता भी बढ़ गई है, लेकिन टेस्ट रिपोर्ट में देरी और जांच की सटीकता को लेकर अभी भी समस्या बनी हुई है। इस बीच, इस्रायल की बेन-गुरियन यूनिवर्सिटी से एक अच्छी खबर आई है। वहां के शोधकर्ताओं ने एक ऐसी इलेक्ट्रो-ऑप्टिकल कोरोना जांच किट बनाई है जो एक मिनट में रिजल्ट बता देती है।

### आजम खान को जौहर संपत्ति के प्रमुख के रूप में हटाया गया

**लखनऊ :** समाजवादी पार्टी के सांसद मोहम्मद आजम खान को एक बडा झटका देने वाले एक निर्णय में उत्तर प्रदेश सुन्नी वक्फ बोर्ड ने वक्फ नंबर 157 का प्रत्यक्ष नियंत्रण ले लिया है। इसे आमतौर पर मौलाना मोहम्मद अली जौहर ट्रस्ट से संबंधित भूमि के रूप में जाना जाता है। अब तक आजम खान इसके प्रमुख थे। अपनी विशेष शक्तियों का उपयोग करते हुए बोर्ड के अध्यक्ष ने वक्फ को एक प्रशासक-कार्यकारी अधिकारी जुनैद खान के अधीन कर दिया है, जो अब अगली सूचना तक पांच एकड़ से अधिक की वक्फ संपत्ति का पांच साल तक प्रबंधन करेंगे।

# पंजाब में मॉस्क न पहनने पर 500 रुपये और सोशल डिस्टेंसिंग की धज्जियां उड़ाने पर लगेगा 2 हजार जुर्माना

**डेली संवाद, चंडीगढ़**

पंजाब सरकार ने कोरोना वायरस के प्रभाव को रोकने के लिए लगाई बंदिशों के सख्त पालन के लिए सख्त निर्देश जारी किए हैं। इन नियमों में सोशल डिस्टेंसिंग के नियमों की धज्जियां उड़ाने से लेकर मॉस्क न पहनने तक की जुर्माना राशि तय कर दी गई है।जारी आदेशों के तहत सार्वजनिक स्थलों पर मॉस्क न पहनने पर 500 रुपए जुर्माना, होम क्वारटाइंन के नियमों का उल्लंघन करने पर 2000 रुपये जुर्माना वसूला जाएगा। इसके साथ



ही अगर कोई व्यक्ति सार्वजनिक स्थान पर थूकता है तो उससे 500 रुपए जुर्माना वसूला जाएगा। सबसे जरूरी आदेश दुकानों और व्यापारिक संस्थानों को लेकर जारी किया गया है। जारी आदेश के मुताबिक अगर कोई दुकान या व्यापारिक संस्थान पर सोशल डिस्टेंसिंग के नियमों का उल्लंघन किया जाता है तो 2 हजार रुपए जुर्माना लगाया जाएगा। इनके अलावा बसों, कारों, ऑटो रिक्शा-टू व्हीलर को लेकर भी नियम जारी किए गए हैं।

## पंजाबी युवक की आस्ट्रेलिया में संदिग्ध हालत में मौत

**डेली संवाद, मोगा**

सब डिवीजन धर्मकोट अधीन गांव पंडोरी अराइयां के नौजवान की आस्ट्रेलिया में भेतभरी हालत में मौत हो गई। वह साल 2014 में पढ़ाई के लिए आस्ट्रेलिया गया था और करीब एक माह पहले



भेदभरी हालत में लापता हो गया था। मौत की खबर पहुंचते ही गांव में शोक की लहर फैल गई। मृतक के पिता निशान सिंह ने भीगी आंखों से बताया कि उसके जिगर का टुकड़ा सिमरनजीत सिंह भुल्लर (27) साल 2014 में पढ़ाई के लिए आस्ट्रेलिया गया था। चार साल पहले वह भारत आया था। उन्होंने बताया कि करीब एक माह पहले 30 अप्रैल उनको संदेश मिला था कि सिमरनजीत का एक्सीडेंट हो गया है उन्होंने अपने आस्ट्रेलिया रहते रिश्तेदारों से पूछताछ की पर कुछ पता नहीं लगा और अब आस्ट्रेलिया पुलिस ने मौत की खबर दी है। मृतक नौजवान अपने मां बाप का इकलौता बेटा था और कुंवारा था। पीडित परिवार ने मृतक बेटे की लाश मंगवाने के लिए 'आप 'विधायक सरबजीत कौर माणूंके और संसद मैंबर भगवंत मान से संपर्क किया है।

# देश में पिछले 24 घंटों में सामने आए कोरोना के सबसे ज्यादा 7,466 नए मामले और 4,706 लोगों की मौत

**ड़ेली संवाद, नई दिल्ली**

देश में कोविड-19 के कारण मरने वाले लोगों की संख्या बढ़कर 4,706 हो गई जबकि संक्रमितों की संख्या 1,65,799 पर पहुंच गई। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने बताया कि बृहस्पतिवार को सुबह आठ बजे से अब तक इस संक्रामक रोग से 175 लोगों की मौत हुई और 7,466 नए मामले सामने आए। स्वास्थ्य मंत्रालय ने कहा कि देश में 89,987 लोगों का उपचार चल रहा है, वहीं 71,105 लोग इस बीमारी से उबर चुके हैं और एक मरीज देश छोड़कर चला गया है। स्वास्थ्य मंत्रालय के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा, ''अभी तक करीब 42.89 प्रतिशत मरीज स्वस्थ हो चुके हैं।'' कुल संक्रमित लोगों में विदेशी भी शामिल हैं। बृहस्पतिवार सुबह से आए मौत के 175 मामलों में 85 महाराष्ट्र में, 22 गुजरात में, 15 उत्तर प्रदेश में, 13 दिल्ली में, 12 तमिलनाडु में, आठ मध्य प्रदेश में, सात राजस्थान में, छह पश्चिम बंगाल में, चार तेलंगाना में और मृत्यु के एक-एक मामले जम्मू कश्मीर, आंध्र प्रदेश तथा हरियाणा में आए हैं। देश में कोविड-19 से मौत के अब तक आए कुल 4,706 मामलों में सर्वाधिक मामले महाराष्ट्र में आए हैं जिनकी संख्या 1,982 है, इसके बाद गुजरात में 960, मध्य प्रदेश में 321, दिल्ली में 316, पश्चिम बंगाल में 295, उत्तर प्रदेश में 197, राजस्थान में 180, तमिलनाडु में 145, तेलंगाना में 67 और आंध्र प्रदेश में 59 मामले आए हैं। कर्नाटक में अब तक 47 लोगों की संक्रमण से मृत्यु हो चुकी है, वहीं पंजाब में 40, जम्मू कश्मीर में 27, हरियाणा में 19, बिहार में 15, ओडिशा और केरल में सात-सात, हिमाचल प्रदेश में पांच, झारखंड, उत्तराखंड, चंडीगढ़ एवं असम में चार-चार मरीजों की मौत हुई है, वहीं मेघालय में एक रोगी की मृत्यु हो चुकी है। मंत्रालय की वेबसाइट के अनुसार मौत के70 प्रतिशत से अधिक मामलों में रोगियों को अन्य बीमारियां थीं। शुक्रवार सुबह स्वास्थ्य मंत्रालय के अपडेट के अनुसार देश में कोरोना वायरस संक्रमण के सर्वाधिक मामले महाराष्ट्र में आए हैं जिनकी संख्या 59,546 है जिसके बाद तमिलनाडु में 19,372, दिल्ली में 16,281, गुजरात में 15,562, राजस्थान में 8,067, मध्य प्रदेश में 7,453 और उत्तर प्रदेश में7,170 मामले आए हैं।

### जालंधर में 7 नए कोरोना मामले आए सामने, मरीजों की संया हुई 246

**डेली संवाद, जालंधर :** जालंधर में कोरोना का कहर थमने का नाम नहीं ले रहा है। जिले में आज 7 नए मामले सामने आए है। नए मरीजों में जालंधर हाईट्स से आशादीप (35) और ईश जूलका (35), फोकल प्वाइंट से नीलम सोंधी (35), न्यू जवाहर नगर से रूपाली बुद्धिराजा (31), इंडस्ट्रियल एरिया से शिवनाथ (40), भार्गो कैंप से संतोष (40) और न्यू अमर नगर से अमरनाथ (65) शामिल है। इसके साथ ही जालंधर में कोरोना के पेशेंट की संख्या 246 हो गई है। जबकि 8 कोरोना मरीजों की मौत हो चुकी है।

### नहीं रहे छीसगढ़ के पहले मुयमंत्री अजीत जोगी

## 74 साल की उम्र में ली अंतिम सांस

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ के पूर्व मुख्यमंत्री अजीत जोगी का 74 वर्ष की उम्र में निधन हो गया है। रायपुर के श्री नारायणा अस्पताल में अजीत जोगी का इलाज चल रहा था जहां पर उन्होंने अंतिम सांस ली। बता दें कि अजीत जोगी को कार्डियक अरेस्ट के बाद अस्तपाल में भर्ती कराया गया था। अजीत जोगी के बेटे अमित जोगी ने ट्वीट करके इसकी जानकारी दी। अमित जोगी ने ट्विटर पर लिखा कि 20 वर्षीय युवा छत्तीसगढ़ राज्य के सिर से आज उसके पिता का साया उठ गया।



केवल मैंने ही नहीं बल्कि छत्तीसगढ़ ने नेता नहीं, अपना पिता खोया है। माननीय अजीत जोगी जी ढाई करोड़ लोगों के अपने परिवार को छोड़ कर, ईश्वर के पास चले गए। गांव-गरीब का सहारा, छत्तीसगढ़ का दुलारा, हमसे बहुत दूर चला गया।

# सोनू सूद ने केरल से 177 उड़िया लड़कियों को निकालने में मदद की

**ड़ेली संवाद, कोच्चि**

देशभर में कई प्रवासी कामगारों को उनके गृहनगर भेजने के बाद अभिनेता सोनू सूद ने एक बार फिर दरियादिली दिखाते हुए लॉकडाउन के बीच केरल में फंसी ओडिशा की 177 लड़कियों को वहां से एयरलिफ्ट करवाया है। राज्यसभा सांसद अमर पटनायक ने शुक्रवार को सोनू द्वारा उड़िया लड़कियों को एयरलिफ्ट करने की पहल के बारे में ट्वीट किया। पटनायक ने ट्वीट किया,सोनू सूदजी, आपके द्वारा उड़िया लड़कियों को केरल से सुरक्षित वापस लौटने में मदद करना सराहनीय है। यह श्रेय आपके द्वारा किए गए प्रयासों को जाता है। यह देखना अविश्वसनीय है कि आप



कैसे जरूरतमंदों को उनके घरों तक सुरक्षित पहुंचाने में मदद कर रहे हैं। आप और सक्षम बनें। बताया जा रहा है कि एर्नाकुलम में फंसी लड़कियों की मदद के लिए एक विशेष विमान की व्यवस्था की गई।ओडिशा की रहने वाली ये लड़कियां वहां एक स्थानीय कपड़ा फैक्ट्री में सिलाई और कढ़ाई का काम करती थीं। अभिनेता के एक करीबी सूत्र ने आईएएनएस को वे तस्वीरें उपलब्ध कराई, जिसमें कोच्चि हवाईअड्डे के बाहर खड़ी लड़कियों को देखा जा सकता है।

## बापूधाम वासियों को अब होयोपैथी दवाईयां देगी उर्जा



**डेली संवाद, चंडीगढ़**

शहर में कोरोना वायरस से सबसे ज्यादा मार झेल रहे बापूधाम वासियों को राहत प्रदान करने के लिये प्रशासनिक राहत के अलावा अन्य लोग भी आगे आ रहे हैं। गुरुवार को पूर्व भाजपा प्रदेशाध्यक्ष संजय टंडन की अगुवाई में डॉ सोनल चुघ ने चंडीगढ़ पुलिस को दो हजार लोगों के लिये निशुल्क होम्योपैथिक दवाईयां सुपूर्द की। डीजीपी संजय बेनीवाल ने डीआईजी ओमवीर सिंह बिशनौई, एसएसपी नीलांबरी जदग्ले की उपस्थिति में यह दवाईयां प्रास की जिन्हें बापूधाम में रह रहे परिवार में वितरित की जायेंगीं।

# ठेके पर काम कर रहे 496 कर्मियों के कार्यकाल में एक साल की वृद्धि

**डेली संवाद, चंडीगढ़**

पंजाब सरकार ने स्कूल शिक्षा विभाग में ठेके के विभिन्न श्रेणियों में काम कर रहे 496 कर्मियों के कार्यकाल में एक साल की वृद्धि किये जाने को मंजूरी दे दी है। पंजाब स्कूल शिक्षा विभाग के प्रवक्ता ने आज यहां बताया कि स्कूल शिक्षा महानिदेशक -कम-स्टेट प्रोजैक्ट निदेशक मोहम्मद तैयब ने इस बारे में पत्र जारी कर दिए हैं। शिक्षा विभाग के तहत चल रहे आदर्श और मॉडल स्कूलों में ठेके पर तैनात 25 नॉन टीचिंग स्टाफ का कार्यकाल एक अप्रैल से 31 मार्च, 2021 तक बढ़ाया गया है। समग्र शिक्षा अभियान के तहत विभिन्न स्कूलों में तैनात 373



आई.ई.आर.टी., 75 लैब अटेंडैंटों और 23 नॉन टीचिंग स्टाफ का कार्यकाल बढ़ाया गया है। प्रवक्ता के अनुसार यह कार्यकाल 1 अप्रैल से 31 मार्च, 2021 तक होगा। यह वृद्धि उनके कार्यकाल में की गई है जिनका काम संतोषजनक है तथा जिनके विरुद्ध कोई भी विभागीय जांच / पड़ताल लम्बित नहीं है । इनके विरुद्ध अदालत में कोई केस नहीं है। यह वृद्धि मूल नियुक्ति पत्र में दर्ज नियमों, शर्तों और समय-समय पर हुए संशोधनों के अनुसार करने की मंजूरी दी गई है।

## इनोसैंट हाट्र्स ग्रूप ऑफ इंस्टीच्यूशंस ने अनुसंधान पत्रिकाओं पर ऑनलाइन एफडीपी करवाई

**डेली संवाद, जालन्धर :** स्टाफ सदस्यों की अनुसंधान क्षमताओं को बढ़ावा देने के प्रयास में इनोसैंट हाट्र्स ग्रुप ऑफ इंस्टीच्यूशंस द्वारा कोविड-19 के दौरान 'अनुसंधान पत्रिकाओं के प्रभावी उपयोग' विषय पर आनलाईन एफडीपी का आयोजन किया गया। इस आयोजन में अजय सहाय (ट्रैनिंग मैनेजर, जे-गेट) रिर्सोस पर्सन के रूप में उपस्थित हुए। जे-गेट ग्लोबल ई-जरनल साहित्य का एक इलैक्ट्रानिक प्लेटफार्म प्रदान करता है। यह प्रकाशकों द्वारा आनलाईन उपलब्ध लाखों जर्नल प्रदान करता है। अजय सहाय ने जे-गेट को बुनियादी और अग्रिम खोज सुविधाओं के बारे में जानकारी दी। जिसका उपयोग किसी भी क्षेत्र के प्रकाशित शोध पत्रों को खोजने के लिए किया जा सकता है। जे-गेट विभिन्न शोध विषयों का गहराई से ज्ञान प्रास करने के लिए मंच प्रदान करता है। उन्होंने बताया कि जे-गेट पर प्रदान की जाने वाली सेवाओं को प्रास करने के लिए उपयोगकर्ता का जे-गेट पर रजिस्टर्ड होना अनिवार्य है, जिससे उपयोगकर्ता किसी भी समय अपने अकाऊंट को लॉगिन कर रिर्सच पेपर्स को डाउनलोड भी कर सकता है। अंत में डा. शैलेश त्रिपाठी (ग्रुप डायरेक्टर, इनोसैंट हाट्र्स) ने स्टाफ सदस्यों के साथ जे-गेट की विशेषताओं को उजागर करने के लिए अजय सहाय का धन्यवाद किया और कहा कि यह आनलाईन सैशन स्टाफ सदस्यों के ज्ञान के दायरे को बढ़ाने और गुणवत्ता शोध पत्र लिखने तथा उन्हें प्रसिद्ध पत्रिकाओं में प्रकाशित करवाने में सहायक सिद्ध होगा।

## एचएमवी में करवाई जाएगी सीए फाउंडेशन कोर्स की कोचिंग

**डेली संवाद, जालंधर**

हंसराज महिला महाविद्यालय में सीए फाउंडेशन कोर्स की ऑनलाइन एडमिशन शुरू हो चुकी है। प्रिंसीपल डॉ. अजय सरीन ने बताया कि सीए फाउंडेशन कोर्स के लिए एचएमवी को द इंस्टिट्यूट ऑफ चार्टर्ड अकाउंटेंट (आइसीएआई) नई दिल्ली की मान्यता प्रास है। प्लस टू पास विद्यार्थी या अपीयर हुए विद्यार्थी सीए कोर्स ज्वाइन कर सकते हैं। नवंबर 2020 के एंट्रेंस एग्जाम में अपीयर होने के लिए विद्यार्थियों को स्वयं को आइसीएआई नई दिल्ली के साथ रजिस्टर करवाना जरुरी है, जिसकी अंतिम तिथि 30 जून है। रजिस्ट्रेशन प्रक्रिया पूरी होने पर कोचिंग क्लासेज शुरू की जाएगी। एचएमवी की कोचिंग में लड़कियों के साथ लड़के भी दाखिला ले सकते हैं। उन्होंने विद्यार्थिओं को अपने लक्ष्य की प्रासि के लिए कड़ा परिश्रम करने के लिए प्रेरित किया। कोर्स कोऑर्डिनेटर डॉ. सीमा खन्ना ने कहा कि करियर एडवांसमेंट स्कीम के अंतर्गत कॉलेज में यह कोचिंग उपलब्ध करवाई जाती है। उन्होंने बताया कि कोविड-19 के कारण ऑनलाइन कोचिंग कि सुविधा भी दी जा रही है। कोर्स के दौरान, तीन घंटे के मॉक टेस्ट भी करवाए जाएगे। सैंपल पेपर की रिविजन भी इस कोर्स में करवाई जाएगी। दाखिला लेने के इच्छुक विद्यार्थी कॉलेज वेबसाइट या फोन पर संपर्क कर सकते है।








